भोले भण्डारी तेरा जैसा कोई नहीं है

ॐ नमः शिवाय, ॐ नमः शिवाय.....

तेरा जैसा कोई नहीं है,
दीनन को हितकारी ,
भोले भण्डारी,
मेरे भोले भण्डारी,
तेरे जैसा कोई नहीं है,
दीनन को हितकारी । -2

तुम समान दाता नहीं कोई,
जग में देत दिखाई,
दान देइ लंका रावण को,
पार्वती पछताई -2
आप पवन सूत रूप बनाकर,
लंका सारी जाली....
भोले भण्डारी,
मेरे भोले भण्डारी.....
ॐ नमः शिवाय, ॐ नमः शिवाय...

निशदिन भाँग घुटे कुटिया मा,
घोटत घोटत हारी
आपको मंगल है जंगल में,
सबको दुनियादारी
भंग संग सिर गंग चढ़ावे,
होत मगन त्रिपुरारी....
भोले भण्डारी,
मेरे भोले भण्डारी.....
ॐ नमः शिवाय, ॐ नमः शिवाय....

आप को नाप सको ना कोई,
हार हार जन भाजे,
देवकली हैं नाम पड्यो,
प्रभु यमुना पुलिन विराजे -2
जन अंकुश की लाज रखैया,
दीनन के हितकारी....
भोले भण्डारी,
मेरे भोले भण्डारी.....
ॐ नमः शिवाय, ॐ नमः शिवाय....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22876/title/bhole-bhandari-tera-jaisa-koi-nahi-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |